// कार्यालय जनसम्पर्क अधिकारी
राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर
राजा पंचम सिंह मार्ग, ग्वालियर (म.प्र.) – 474002

फोन / फैक्स : 0751–2970230, 2970231
ईमेल : pro.rvskvv@gmail.com

क्र. / जन.कार्य. / 2024 / 442 दिनांक : 21 / 02 / 2024

प्रति,
श्रीमान संपादक महोदय / ब्यूरोचीफ
ग्वालियर, म.प्र.

महोदय,

निवेदन है कि राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर का एक महत्वपूर्ण समाचार प्रकाशनार्थ प्रेषित है। कृपया प्रकाशित कर सहयोग करने का कष्ट करें।

(जनसम्पर्क अधिकारी)

प्रेसनोट :

कृषि विश्वविद्यालय व आंनद कृषि विश्वविद्यालय, गुजरात के संयुक्त तत्वाधान में प्रबंधन क्षमता वृद्धि पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का प्रारंभ

ग्वालियर। राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर तथा आनंद कृषि विश्वविद्यालय, गुजरात के संयुक्त तत्वाधान में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज से प्रारम्भ हुआ। ''संगठनात्मक सफलता के लिए सॉफ्ट कौशल और प्रबंधकीय क्षमता बढ़ाना'' विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में कुलपति डॉ. अरविन्द कुमार शुक्ला ने कहा कि आपको बेहतर निर्णय लेने के लिए अपनी मानसिकता में समय व परिस्थितियों के अनुसार परिवर्तन लाते रहना चाहिए। यह प्रशिक्षण आपकी सॉफ्ट स्किल को और अधिक बेहतर बनाने हेतु आयोजित किया गया है ताकि आप किसी भी विषय पर क्या कहें, कैसे कहे जिससे आपके समक्ष बैठे व्यक्तियों पर आपका उत्तर प्रतिकूल प्रभाव न छोड़े। आपको अपने कौशल में निखार लाने की आवश्यकता है ताकि आपको सहानुभूति नहीं समानुभूति मिलें। उन्होंने कहा हमें परिस्थितियों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करना चाहिए। हमें यह समझना होगा कि हमारा कौन सा निर्णय विश्वविद्यालय के लिए हितकारी होगा।

प्रथम दिन आनंद कृषि विश्वविद्यालय, गुजरात से आये विषय निदेशक डॉ. केयुर गरधरिया द्वारा कम्युनिकेशन स्किल अंतर्गत राइटिंग, स्पीकिंग, लिसिनिंग, नॉन वर्वल, रीडिंग आदि विषय पर विस्तार से चर्चा की गई तथा बताया कि इन्हें और प्रभावशाली कैसे बनाया जा सकता है।

इस अवसर पर निदेशक विस्तार सेवायें डॉ. वाय.पी.सिंह, अधिष्ठाता उद्यानिकी महाविद्यालय, मंदसौर डॉ. इंदर सिंह तोमर तथा आनंद कृषि विश्वविद्यालय, गुजरात से सहायक विषय निदेशक श्री विश्वजीत जे. पटेल भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. वाय. डी. मिश्रा तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. डी. के. पालीवाल द्वारा दिया गया। इस प्रशिक्षण में विश्वविद्यालय की विभिन्न इकाईयां जैसे कृषि विज्ञान केन्द्र, कृषि व उद्यानिकी महाविद्यालय से

कार्यालय जनसम्पर्क अधिकारी
राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर
राजा पंचम सिंह मार्ग, ग्वालियर (म.प्र.) – 474002

फोन / फैक्स : 0751–2970230, 2970231
ईमेल : pro.rvskvv@gmail.com

लगभग 45 कर्मचारी भाग ले रहे हैं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 21 से 23 फरवरी एवं 26 से 28 फरवरी तक दो भागों में आयोजित किया जा रहा है।